बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / 02–राज्य यो0–राज्य यो0(आरोप)खगड़िया–30 / 2023 8052 **पटना, दिनांक** :– 22/09/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, खगड़िया के पत्रांक 593–।। दिनांक 13.07.2023 द्वारा श्री विशाल कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04139) के विरूद्ध कार्य में लापरवाही बरतने एवं अनाधिकृत अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए सेवा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 6204 दिनांक 07.08.2023 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है। आरोपित द्वारा स्पष्टीकरण में यह उल्लेख किया है कि इनके पिता जी का दिनांक 06.02.2023 को देहान्त हो गया है, जिसके कारण मानसिक रूप से परेशान थे एवं इन्हें पिलिया बिमारी हो गया था, जिसमें डॉक्टर द्वारा इन्हें 01.07.2023 से 20.07.2023 तक सख्त आराम करने को बोला गया था, इसके कारण इनका प्रदर्शन औसत रहा है। साथ ही यह भी अंकित किया गया है कि इनको आवंटित राजस्व ग्राम का प्रपत्र–6 इंट्री का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत यह पाया गया है कि इनके पिता जी का देहान्त होने एवं इनका स्वास्थ्य खराब होने में 05 माह का अन्तराल है, जिससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा सर्वेक्षण जैसे समयबद्ध कार्यक्रम में लापरवाही बरती गयी है, जिसके कारण सर्वेक्षण कार्यो के अन्य प्रक्रमों के कार्य में विलंब हुआ है। परन्तु इनके द्वारा स्पष्टीकरण में दिए गए तथ्यों पर सहानूभुति रखने के दृष्टिगत तत्काल इनका संविदा नियोजन समाप्त न करते हुए सर्वेक्षण कार्य में विलंब के लिए 03 माह के मानदेय की कटौती की जाती है।

साथ ही चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में पुनरावृति करने पर इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

(जय सिंह) 22/9/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–राज्य यो0(2)वि0सर्वे0कर्मी(आरोप)खगड़िया–38 / 2022 8052 **पटना, दिनांक** :– 22/09/2023

प्रतिलिपि :– श्री विशाल कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04139), बंदोबस्त कार्यालय, खगड़िया को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–राज्य यो0(2)वि0सर्वे0कर्मी(आरोप)खगड़िया–38 / 2022 8052 **पटना, दिनांक** :– 22/09/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–राज्य यो0(2)वि0सर्वे0कर्मी(आरोप)खगड़िया–38 / 2022 8052 **पटना, दिनांक** :– 22/09/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित श्री कुमार की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 21/9/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप